हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

04 अतिक्रमण की समस्या के प्रभावी निराकरण...



07 आखिर 52 वर्षों के बाद प्रोन्नत हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

जिला अस्पताल से मोबाइल चोरी का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

गुना। जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के सामान की सुरक्षा भगवान भरोसे है। अस्पताल की गैलरी से मोबाइल चोरी का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें एक अज्ञात बदमाश बड़ी ही सफाई से सो रहे युवक का मोबाइल चोरी कर रफूचक्कर होता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोन तहसील के ग्राम पड़ारिया निवासी अनिल अहिरवार के परिजन जिला अस्पताल में भर्ती थे। अनिल गैलरी में पट्टी पर अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर लेट गए। इसी दौरान नींद लगते ही एक बदमाश आया और मोबाइल पार कर गया। पीड़ित ने तुरंत सिटी कोतवाली पुलिस को शिकायती आवेदन दिया, लेकिन घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं और आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

कैंट क्षेत्र में पाइप लाइन परियोजना से लाखों के डक्टाइल आयरन पाइप चोरी

गुना। जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत जल निगम की राजघाट परियोजना में बिछाने के लिए रखे लाखों रुपये कीमत के डक्टाइल आयरन पाइप चोरी होने का मामला सामने आया है। एल एंड टी कंपनी के अकाउंट्स मैनेजर एस. श्रीकृष्णन ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, कंपनी द्वारा ग्राम इमझरा और बरखेड़ा ठेकनी रोड के पास खाली जमीन पर अलग-अलग डायमीटर के कुल 94 डक्टाइल आयरन (काले रंग के) पाइप रखे गए थे। गत दिवस को पाइप मौके पर सुरक्षित थे, लेकिन जब अधिकारी व स्टाफ पहुंचे तो सभी 94 पाइप गायब मिले। काफी खोजबीन के बाद भी पाइपों का सुराग न लगने पर पीड़ित मैनेजर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर कैंट पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट युवक और उसके भाई पर हमला

गुना। जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबगंज हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राजा वाल्मीकि (रसीद कॉलोनी) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार गत शाम राजा अपने दोस्त के साथ दर्शन करने गया था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर रंजीत, करन और दीपक वाल्मीकि ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने फावड़े के बिंते से हमला कर राजा को घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई सौरभ पर भी हमला किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अनियंत्रित बाइक ने मारी टक्कर पिता और पुत्र घायल

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवास रोड पुलिया के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित मुरारी उर्फ सोनू गाडरी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार गत शाम मुरारी अपने 5 वर्षीय बेटे प्रियांश के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही बाइक चालक तूफान बंजारा ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रियांश मौके पर ही बेहोश हो गया।

चेक बाउंस मामले में वारंटी दबोचा

गुना। सिटी कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 325/21 धारा 138 एन.आई. एक्ट में आरोपी सोहराब खान निवासी कर्नेलगंज गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया, जो तामीली हेतु गुना कोतवाली में प्राप्त हुआ था।

दो सोने के मंगलसूत्र व वारदात में इस्तेमाल की गई दो गाड़ी की बरामद

रथ यात्रा में मंगलसूत्र छपटने वाली 10 महिलाएं व एक युवक गिरफ्तार

आगरा के दो अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय अपराधियों पर गुना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान महिलाओं के गले से सोने के मंगलसूत्र पार करने वाले आगरा उप्र के दो शातिर गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 10 महिलाओं और 1 पुरुष समेत कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए दो सोने के मंगलसूत्र तथा वारदात में इस्तेमाल की गई दो लग्जरी कारें अर्टिगा एवं बलेनो सहित 20 लाख रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया गया है।

एसपी हितिका वासल के कुशल नेतृत्व, एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आनंद राय के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा और उनकी टीम ने इस अंतर्राज्यीय गिरोह को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई 26 को गुना शहर में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के दौरान अज्ञात बदमाशों ने भारी भीड़ का फायदा उठाकर श्रद्धालुओं के गले से सोने के आभूषण पार कर दिए थे। इस संबंध में फरियादिया रामकुंवर ओझा (66) निवासी बीजी रोड गुना और कल्पना दुबे (48) निवासी भगत सिंह कॉलोनी गुना ने कोतवाली थाने में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू की।

मामले में एसपी हितिका वासल ने पुलिस टीमों को तुरंत अलर्ट कर आरोपियों की धरपकड़ के कड़े निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। गहन विश्लेषण के बाद पुलिस को सूचना मिली कि आगरा से आए दो अलग-अलग गिरोह कारों में सवार होकर चोरी की नीयत से घूम रहे हैं। तकनीकी व मैदानी जांच के आधार पर पुलिस ने 21 जुलाई को पहले गिरोह की पहचान कर दबिश दी और 5 महिला आरोपियों संगीता उर्फ सुमन, चिंता बाई, अनोखी, प्रिया और हिना को दबोच लिया। इनके कब्जे से फरियादिया का चोरी गया सोने का मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल अर्टिगा कार यूपी 14-6661 जब्त की गई। इस प्रकरण में कुल 12 लाख रुपये का मशरूका बरामद हुआ। इसी प्रकार दूसरे मामले में पुलिस ने दूसरे गिरोह पर शिकंजा कसते हुए 1 पुरुष प्रकाश माहौर और 5 महिला आरोपियों करिश्मा, नाजीमा, आरती उर्फ मीरा, सपना तथा वर्षा उर्फ कमलेश को गिरफ्तार किया। इनके पास से दूसरा चोरी गया सोने का मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त बलेनो कार यूपी 80-2834 जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 8 लाख रुपये है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह बेहद शातिर और संगठित तरीके से अपराध करता है।

लग्जरी कारों से धार्मिक कार्यक्रमों में वारदात करने आते थे गैंग

आगरा से ये आरोपी अपनी निजी लग्जरी कारों में सवार होकर मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले बड़े धार्मिक मेलों और सार्वजनिक आयोजनों में पहुंचते थे। भीड़भाड़ के बीच महिलाएं श्रद्धालुओं को घेरकर धक्का-मुक्की का माहौल बनाती थीं और मौका मिलते ही कटिंग प्लायर व हाथों की सफाई से सोने की चेन व मंगलसूत्र काट लेती थीं। चोरी का माल तुरंत कार में बैठे पुरुष साथी या गिरोह की अन्य महिला को ट्रांसफर कर दिया जाता था, ताकि पकड़ में आने पर कुछ बरामद न हो सके। गुना पुलिस की इस त्वरित और योजनाबद्ध कार्रवाई से अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त हुआ है।

पैरोल जंप कर फरार हुआ अपराधी हनी दुबे उत्तर प्रदेश के हाथरस से पकड़ाया

सावधान इंडिया सीरियल देखकर तीन दोस्तों को उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के बहुचर्चित 2017 तिहरे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहा शातिर अपराधी हनी दुबे पेरोल की अवधि समाप्त होते ही फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश के हाथरस से गिरफ्तार कर लिया है। ग्वालियर सेंट्रल जेल के बाहर से चकमा देकर भागे इस कुख्यात कैदी को गुना और ग्वालियर पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात घेराबंदी कर दबोचा और वैधानिक कार्रवाई के बाद ग्वालियर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



मां पहुंची जेल, बेटा गेट से ही हुआ था गायब

गुना एसपी हितिका वासल ने बताया कि हनी दुबे और उसकी मां पूनम दुबे उर्फ पक्का 15 दिन की पेरोल पर बाहर आए थे। 22 जुलाई को दोनों की वापसी की समय-सीमा तय थी। निर्धारित समय पर मां पूनम तो ग्वालियर सेंट्रल जेल पहुंच गई, लेकिन हनी जेल परिसर के बाहर से ही चंपत हो गया। पेरोल जंप का मामला दर्ज होते ही दोनों जिलों की पुलिस टीमें उसकी लोकेशन ट्रेस करने में जुट गई थीं। सटीक सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हाथरस में दबिश देकर उसे धर दबोचा।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में बाइक खरीदने के नाम पर 17 वर्षीय हेमंत मीना से 40 हजार रुपये छीनकर हनी और उसकी मां ने हत्या कर दी थी। क्राइम शो सावधान इंडिया से आइडिया लेकर आरोपियों ने पुलिस को भटकाने के लिए इंदौर से 50 लाख रुपये की फिरौती मंगवाई थी। बाद में राज खुलने के डर और रुपयों के लालच में हनी ने अपने दो अन्य साथियों, लोकेश लोधा और ऋतिक नामदेव को भी नेगमा के जंगलों में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया था और तीनों के शव जला दिए थे। अदालत ने 2022 में मां-बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

एसपी ने बजरंगगढ़ थाने का किया निरीक्षण

फरियादी के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने 22-23 जुलाई की मध्यरात्रि में बजरंगगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के अभिलेखों, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई का गहन अवलोकन कर कार्यप्रणाली का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने आने वाले हर फरियादी के साथ संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। जनसुनवाई पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी तरीके से समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित होना चाहिए।

एसपी वासल ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त को अधिक प्रभावी बनाने और असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पारदर्शी और जनोन्मुखी पुलिसिंग के लिए जिले के सभी थानों का ऐसा औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेगा।

आजाद भारत में शहीद आजाद की जयंती पर छात्रों का फूट गुस्सा

गुना। एक तरफ जहां पूरा देश अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ गुना के शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज में उनकी जयंती मना रहे छात्रों पर कॉलेज प्रशासन की तानाशाही और पुलिस का खौफ देखने को मिला। कॉलेज परिसर में छात्र संगठन डीएसओ द्वारा क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही थीं। इसी दौरान कॉलेज प्राचार्य ने कार्यक्रम में पहुंचकर छात्रों को हड़काते हुए कार्यक्रम की अनुमति मांगी। इस दौरान उन्होंने छात्रों को धमकाया और मौके पर कैंट थाना पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों से कार्यक्रम की अनुमति मांगी। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मुंहवाद हुआ। पुलिस और कॉलेज प्रशासन के इस रवैये से छात्र भड़क गए। छात्रों ने आरोप लगाया कि पीजी कॉलेज परिसर में जब सत्ताधारी दल के कार्यक्रम आयोजित होते हैं, तब तो कोई रोक-टोक नहीं होती, लेकिन शहीदों को नमन करने वाले छात्रों को बार-बार परेशान किया जा रहा है।

अरे मैडम तंबाकू खाया है, थूका तो नहीं...

अस्पताल में डिप्टी कलेक्टर के सामने जमकर बहसबाजी के बाद कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त बनाने पहुंची प्रशासनिक टीम को उस समय अजीबो-गरीब और मजेदार स्थिति का सामना करना पड़ा, जब तंबाकू चबा रहे एक युवक ने अपनी सफाई में डिप्टी कलेक्टर को अनोखा तर्क दे डाला। अधिकारी जब चालान काटने लगे तो जनाब बड़े ही भोलेपन से बहस करने लगे— अरे मैडम! मैंने तो सिर्फ तंबाकू खाया है, अभी थूका तो नहीं है! जब थूका ही नहीं तो कार्रवाई किस बात की? हालांकि, युवक की यह मजेदार दलील टीम के आगे काम न आ सकी और अधिकारियों ने साफ कह दिया कि कानून में खाना और थूकना दोनों ही मना है। आखिरकार बहस हारकर युवक को जुर्माना भरना ही पड़ा।

दरअसल, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में औचक छापामार कार्रवाई की गई थी। अभियान की अगुवाई डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी कर रही थीं। टीम जैसे ही अस्पताल परिसर में दाखिल हुई, वहां तंबाकू का लुत्फ उठा रहे और बीड़ी सुलगा रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू एवं बीड़ी का सेवन करते पाए गए 8 लोगों को टीम ने रंगे हाथों पकड़ा और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा-2003) की धारा-4 के तहत मौके पर ही जुर्माने की रसीद थमा दी। इस दौरान अस्पताल आए कई मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन की इस सख्त मुहिम की जमकर तारीफ की और इसे स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद जरूरी बताया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने नियम तोड़ रहे लोगों को सख्त हिदायत देते हुए समझाया कि अस्पताल इलाज और स्वास्थ्य लाभ की जगह है, इसे थूकदान या धुएं का अड्डा न बनाएं। डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी ने स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसर में तंबाकू या धूम्रपान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



न्याय नहीं मिलने पर परिजनों ने किया था हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन

दबंगों की हैवानियत के शिकार युवक ने भोपाल में तोड़ा दम

लापरवाही के लगे आरोप, पुलिस ने पकड़े चार आरोपी, बढ़ाई हत्या की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम भूराचक में दबंगों की गुंडागर्दी ने आखिरकार एक और बेकसूर की जान ले ली। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा की गई बर्बर मारपीट में गंभीर रूप से घायल 30 वर्षीय नवाब ओडिया ने भोपाल के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर आते ही इलाके में भारी तनाव फैल गया है। यह वही नवाब है, जिसे न्याय न मिलने और पुलिस की हीलाहवाली से तंग आकर तीन दिन पहले परिजन खून से लथपथ हालत में कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस और फिर हनुमान चौराहे की सड़क पर लिटाकर चक्काजाम करने को मजबूर हुए थे। अगर समय रहते पुलिस ने ठोस कदम उठाया होता और प्रशासन ने इलाज में तत्परता दिखाई होती, तो शायद एक पिता का सहारा और परिवार का चिराग बुझने से बच जाता।

उल्लेखनीय है कि बीते 19 जुलाई की सुबह ग्राम भूराचक निवासी मिश्रीलाल ओडय़ाि अपने बेटे नवाब ओडय़ाि (30) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। ग्राम



मसूरिया के पास जंगल के कच्चे रास्ते पर पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाए बैठे दबंगों श्याम मीना, लक्ष्मीनारायण मीना, वि_ल मीना और मुरली मीना ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला बोल दिया। मुरली मीना ने कुल्हाड़ी से हमला कर मिश्रीलाल को लहूलुहान कर दिया, वहीं जब बेटा नवाब पिता को बचाने दौड़ा, तो दरिंदों ने लाठी-डंडों से उसकी हड्डियां तोड़ डालीं और बेदम होने तक पीटते रहे। घटना के बाद बमोरी पुलिस का रवैया पूरी तरह ढुलमुल रहा। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते रहे, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को पकडऩा तो दूर, मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। हनुमान चौराहे पर हंगामे के बाद पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में घायल नवाब को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत में सुधार न होने और स्थिति लगातार बिगडऩे पर परिजन उसे भोपाल के एलबीएस अस्पताल ले गए। जहां जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए गुरुवार को नवाब ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। मामले में बमोरी एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में पूर्व में बढ़ाई गई बीएनएस की धारा 109 के साथ अब धारा 103 (हत्या) का इजाफा कर दिया है।

इनका कहना है...

घायल नवाब की भोपाल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने पहले मामले में हत्या के प्रयास से संबंधित धारा जोड़ दी थी और अब युवक की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा 103 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीन-चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है तथा शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

विवेक अष्ठाना, बमोरी एसडीओपी

सफाई कार्य को ठेका प्रथा से मुक्त कराने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सफाई कर्मचारियों को ठेका प्रथा के मानसिक व आर्थिक शोषण से मुक्त कराने और शासकीय विभागों में स्थायी भर्ती की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश मालवीय एवं देवीचरण मालवीय ने अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। नेताओं ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं से आयोग को अवगत कराते हुए इस विषय पर गंभीर संज्ञान लेकर त्वरित व ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आजादी के बाद सफाई कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को ध्यान में रखते हुए सफाई कार्य को ठेका प्रथा से दूर रखा गया था। हालांकि वर्तमान में स्थिति इसके ठीक विपरीत है। प्रदेश के लगभग सभी शासकीय, अर्धशासकीय विभागों और ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठेकेदारों के हवाले कर दी गई है। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कर्मचारियों को कम मजदूरी देते हैं।

समाचार संक्षेप

लगातार बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले, कृषि आदान दुकानों पर बढ़ी भीड़



चाचौड़ा। क्षेत्र में एक सप्ताह से अधिक समय तक वर्षा नहीं होने से खरीफ फसलों को लेकर किसान गहरी चिंता में थे। खेतों में बोई गई सोयाबीन, मक्का एवं अन्य फसलें नमी के अभाव में प्रभावित होने लगी थीं, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही थी।सोमवार को किसानों की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद उसी दिन से क्षेत्र में अच्छी वर्षा का दौर शुरू हो गया। लगातार हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची और किसानों ने राहत की सांस ली। वर्षा होने से फसलों को नया जीवन मिला तथा किसानों के मुरझाए चेहरे फिर से खिल उठे।बारिश के बाद किसान खेतों में फसलों की देखरेख और आवश्यक कृषि कार्यों में जुट गए। इसके चलते पत्रकार भवन चांचौड़ा में यूरिया खाद, एवं बीनागंज में रासायनिक कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों पर किसानों की भीड़ बढ़ने लगी। किसान फसलों की सुरक्षा एवं बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक कृषि आदान सामग्री की खरीदारी करते नजर आए।

चार दिवंगत शिक्षक परिवारों को एक करोड़ से अधिक की मिली आर्थिक सहायता

गुना। मध्य प्रदेश के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ की कर्मचारी कल्याण योजना के अंतर्गत जुलाई माह में निर्धारित एक करोड़ रुपये के सहयोग लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए चार दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।यह सहयोग प्रदेशभर के सम्मानित सदस्यों के योगदान तथा कर्मचारी कल्याण कोष के पदाधिकारियों के समर्पण, सेवा-भाव और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। संगठन ने इसे केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि मानवता, संवेदनशीलता और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक बताया। संगठन ने इस सेवा कार्य में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग देने वाले जिला महासचिव नीरज शर्मा आईटी सेल प्रभारी विनीत श्रीवास्तव संयोजक धर्मेंद्र रघुवंशी सोनू मीणा ब्लॉक अध्यक्ष गुना राम प्रकाश रघुवंशी सोनू यादव कमलेश बांसल केशव शर्मा दिनेश शर्मा सुधीर रंजन दुबे लक्ष्मी नारायण शर्मा शिवनारायण जाटव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रानी बैरागी महिला उपाध्यक्ष रश्मि बुनकर ब्लॉक अध्यक्ष कुसुम सोनी सभी आदि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी सेवा और सहयोग की भावना को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत राघौगढ़ नपा का आईईसी जागरूकता अभियान

राघौगढ़। नगर पालिका परिषद् राघौगढ़ द्वारा आईईसी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया तथा इसके उपयोग को बंद करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आरआरआर सेंटर के माध्यम से वस्तुओं के पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान 4-बिन प्रणाली के अंतर्गत कचरा पृथक्करण (गीला, सूखा, हानिकारक एवं सैनिटरी) को अपनाने के लिए समझाइश दी गई। नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं इन सभी उपायों को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर राघौगढ़ का निर्माण हो सके।

यातायात व्यवस्था और सुधार के लिए प्रशासन सख्त

अतिक्रमण की समस्या के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर-एसपी ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना।



शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा अतिक्रमण की समस्या के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात प्रबंधन, सडक़ सुरक्षा, अतिक्रमण हटाने, विद्युत व्यवस्था तथा सडक़ चौड़ीकरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।


कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रिलायंस पेट्रोल पंप तिराहे से नानाखेड़ी तक पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सडक़ किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराने के निर्देश दिए गए। नानाखेड़ी क्षेत्र में सडक़ किनारे बने गड्ढे को शीघ्र भरकर व्यवस्थित करने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया।

अंबेडकर चौराहे पर प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान अंबेडकर चौराहे पर प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए, ताकि रात्रि के समय आवागमन सुरक्षित हो सके।

हनुमान चौराहे पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका को समन्वय बनाकर सडक़ चौड़ीकरण (रोड वाइडनिंग) का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जय स्तंभ चौराहे के निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग को विद्युत तारों को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सडक़ किनारे लाइन मार्किंग को स्पष्ट एवं व्यवस्थित रखने तथा उसी के अनुरूप यातायात संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। जगत होटल क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने सडक़ डिवाइडरों पर रेडियम स्टड एवं रिफ्लेक्टिव संकेतक लगाने के निर्देश दिए, जिससे रात्रि के समय डिवाइडरों की दृश्यता बढ़े और सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। मारुति सुजुकी तिराहे का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस स्थान पर वाहन तेज गति से मुड़ते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

सम्यक दृष्टि का पुण्य नियम से मोक्ष का कारण है: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के परम परम प्रभावक सुयोग्य शिष्य बुंदेली महाकवि मुनि श्रवण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा जब तक मैं भगवान नहीं बन जाता व्यवहार नहीं छोड़ सकता। मगर व्यवहार हमारा लक्ष्य नहीं है। पुण्य हमें प्रतिफल चाहिए। पुण्य को सोने की बेड़ी कहा है। हमें यह समझना होगा कि पुण्य कब उपादेय है एवं कब हेय है ।आपने कहा जब तक मोक्ष की इच्छा नहीं होगी तब तक मोक्ष नहीं होगा। जब तक पंच परमेष्ठी का अवलंबन नहीं लेंगे मोक्ष नहीं होगा। जब तक दीक्षा नहीं होगी भगवान नहीं बन सकते। सम्यक दृष्टि का पुण्य नियम से मोक्ष का कारण है। ब्रह्मांड का जैसा स्वरूप है वैसा मानना सम्यक दर्शन है। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने सम्यक दर्शन की व्याख्या करते हुए कहा माता को माता मानना सम्यक दर्शन है। दूसरी ओर मौसी को माता मानना मिथ्या दर्शन है। धर्म सभा का संचालन कर रहे विकास कुमार जैन ने उल्लेख किया मुनि श्रमण सागर जी महाराज एवं मुनि ओंकार सागर जी का इस वर्ष का चातुर्मास धर्मनगरी राघौगढ़ में होने जा रहा है गत 20 जुलाई से महाराज के प्रवचन श्रमण धारा प्रवचन माला पर निरंतर चल रहे हैं।

गुरू पूर्णिमा उत्सवः महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना।

गुरुपूर्णिमा उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य मृदुला सक्सेना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा रोजगार एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में एवं गृहविज्ञान विषय में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबुद्ध शिक्षक श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न रोजगार मूलक और उनकी रुचि, क्षमता एवं विषय चयन के अनुरूप उचित कैरियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया तथा यह बताया कि किस प्रकार सुनियोजित तैयारी, परिश्रम एवं सही मार्गदर्शन के माध्यम से वे सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँच सकती हैं।यह काउंसिलिंग सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं उपयोगी सिद्ध हुआ, जिसने उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

टोड़ी रोड पर हटाए गए मीट बाजार के बाद भी लग रही मांस की दुकानें

आम रास्ते से निकलने में राहगीर परेशान व्यवस्थाओं को सुधारने नागरिकों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



नगर पालिका द्वारा टोड़ी रोड स्थित मीट बाजार को पूर्व में हटाए जाने के बावजूद प्रत्येक सोमवार को लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार के दौरान कुछ दुकानदार मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के सामने टोड़ी रोड पर अंडा एवं मुर्गा की दुकानें संचालित कर रहे हैं। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे लगने वाली इन दुकानों के कारण मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी होती है। हाट बाजार के दिन यहां लोगों की अधिक भीड़ रहती है, जिससे स्थिति और भी जटिल हो जाती है।नागरिकों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा मीट बाजार को हटाने के बाद भी यदि उसी स्थान पर अंडा और मुर्गा की दुकानें लगाई जा रही हैं, तो इससे कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर लगने वाली इन दुकानों के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से नियमित निगरानी कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, जिससे हाट बाजार के दौरान व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे।वर्जन - आपके द्वारा मेरे संज्ञान में आया है अब मैं आने वाली साप्ताहिक सोमवार को दिखा करके अन्य जगह शिफ्ट करने का प्रयास करूंगा- **मुख्य नगर पालिका सीएमओ नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज सीएमओ संजीव श्रीवास्तव**

धान का कटोरा है बहादुरपुर क्षेत्र, 25 हजार हेक्टेयर में होती है खेती

20 दिन बाद मूसलाधार बारिश, धान की फसल को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर से शाम तक करीब दो घंटे क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई। जिससे सूखे पड़े धान के खेत पानी से लबालब हो गए और बीस दिनों से रुकी हुई रोपनी में तेजी आ गई। गुरुवार सुबह खेतों में मजदूरों का टोटा पड़ गया, दिहाड़ी 600 रुपए तक पहुंच गई।

बता दें कि बहादुरपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में करीबन 25 हजार हेक्टेयर रकबा में उत्तम किस्म की बासमती धान की खेती होती है। यह इलाका अशोकनगर जिले में धान का कटोरा कहा जाता है। यहां 3 जुलाई से बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपणी लगभग बंद सी हो गई थी। कई किसानों ने जब धान सूखने लगी तो पंजा चलाकर मक्का बो दी थी। धान के खेतों में दरारें चल गई थीं। बारिश नहीं होने से किसान बिजली चलित मोटरपंप पर निर्भर हो गए थे। इसलिए बिजली की खपत भी बढ़ गई थी। वहीं पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं मिलने से किसान आक्रोश में थे लेकिन बुधवार को हुई बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी बिखेर दी।

शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती छात्र-छात्राओं के बीच मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



23 जुलाई को छात्र संगठन डीएसओ के द्वारा विभिन्न स्थानों पर भारतीय आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस मनाया गया। जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि वर्तमान समय में हमें इस देश के शहीदों महान मनीषियों को न सिर्फ याद करने की जरूरत है बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने व उनके विचारों पर चलने की भी जरूरत है।

क्रांतिकारियों ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहां कोई भेद भाव नहीं होगा, ऊंच नीच नहीं होगी सबको समानता की दृष्टि से देखा जाएगा व आजादी के बाद हम ऐसा समाज बनाएंगे जहां किसी भी प्रकार का शोषण नहीं होगा। सबको शिक्षा के समान अवसर मिलेंगे, सबको स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी सभी नौजवानों को रोजगार मिल सकेगा परंतु इन क्रांतिकारियों ने जो सपना देखा था वो आज भी अधूरा है आज चारों ओर असमानता है प्रतिक्रियावादी ताकतें देश को जात पात, भाषा, धर्म, मजहब के नाम पर आपस में बांटने का काम कर रहीं हैं। युवा बेरोजगार भटक रहे हैं, आय दिन पेपर लीक हो रहे हैं। आज देश का छात्र नौजवान दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले 1 महीने से बैठा हुआ है परंतु सरकार छात्रों की बात को सुन नहीं रही। इस दौरान छात्र छात्राओं ने अमर शहरी चन्द्रशेखर आजाद के समक्ष पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को 10 वर्ष की कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट)जिला अशोकनगर द्वारा दिनांक 23/07/2026 को निर्णय पारित जबरदस्ती अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले दुराचारीपवन कुशवाह को पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के अंतर्गत दोषी पाये जाने के आधार पर 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 14000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभावी अभियोजन संचालन जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में एडीपीओ, विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह यादव के द्वारा किया गया। एडीपीओ,मीडिया सेल प्रभारीजिला अभियोजन संचालनालय ने बताया कि अभियोजन कहानी के सूचनाकर्ता,फरियादी ने थाना आकर में इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि, दिनांक 08/12/2019 को रात्रि 9 बजे वह खेत पर पानी दे रहा था। घर पर उसकी माता पिता आर भाई बहन थी। उसके भाई ने खेत पर आकर उसे बताया कि उसकी बहन अभियोक्त्री लोटा लेकर हाथ-मुंह धोने की कहकर गई थी और वापस नहीं आई है। उसने तथा उसके भाई ने तलाश किया, किंतु उसका कोई पता नहीं चला। घटना के करीब आठ दिन पहले शांतिलाल कोरी ने मोबाइल नंबर उसकी बहन अभियोक्त्री को देकर कहा था कि इस नंबर पर बात कर लेना, इसलिए उसे शक है कि शांतीलाल कोरी व पवन कुशवाह उसकी बहन अभियोक्त्री जिसकी उम्र 17 वर्ष थी, को बहला-फुसलाकर भगा लेकर गये हैं। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से प्रथम सूचना लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता को दस्तयाब कर पीड़िता के कथन लेखबद्ध किये गये। पीडिता द्वारा अपने कथनों में आरोपी पवन कुशवाह के द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म/ बलात्कार करने के संबंध में बताया गया। पीडिता के कराये गये मेडीकल परीक्षण में उसके साथ बलात्कार होने की पुष्टि होने की पुष्टि हुई। विवेचना के दौरान आरोपी के विरूद्ध आवश्यक साक्ष्य संकलित किये गये तथा प्रकरण में डी.एन.ए. सैम्पल की कार्यवाही की गई।

कांग्रेसजन गांधी पार्क से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, ज्ञापन सौंपा

छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया और रैली के रूप में कांग्रेसजन गांधी पार्क से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देश का संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार प्रदान करता है। किंतु हाल ही में नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर जिस प्रकार पुलिस द्वारा बल प्रयोग एवं लाठीचार्ज किया गया,वह अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान यह भी देखने मिला कि एक दिन पहले से 3 कांग्रेस नेता रीतेश जैन, सुधीर चैधरी, और शिवा सरवैया द्वारा अनसन किया जा रहा था, उनकी मांग थी कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हो। गुरूवार को जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन कर छात्रों से मारपीट कर घायल करने तथा राहुल गांधी के साथ की गई मारपीट के विरोध में कांग्रेस जन सामुहिक रूप से गांधी पार्क से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस रैली में कुछ छात्र ऐसे भी थे जो हाथों में हथकड़ी और गले में फंदा लगाकर पहुंचे थे, अनेक लोगों ने भी इस दौरान अपनी बात करते हुए कहा कि अब तक नीट परीक्षा में 21 छात्रों की मौत हो चुकी है उसके बाबजूद भी केन्द्र की सरकार द्वारा पूरे घटनाक्रम को दबाते हुए भले ही री नीट की परीक्षा आयोजित की गई हो, लेकिन जिन छात्रों की मौत हुई है उसकी जिम्मेदार केन्द्र की सरकार है और सीधे सीधे केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार उन्हें बचाने में लगी है और जिम्मेदारी तय कर उनका इस्तीफा नहीं करा रही है।

खास बातें

- जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठी चार्ज की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए।
- इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर एवं उचित कार्रवाई की जाए।
- घायल छात्रों को समुचित उपचार एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।
- विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जो गिरफ्तारी भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।
- छात्रों की सभी न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।
- देश में लोकतांत्रिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

विभिन्न डेयरियों से लिए दूध दही तथा पनीर के नमूने

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा जिले में की गई सघन जांच कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महाराष्ट्र के धाराशिव में सिंथेटिक दूध बनाये जाने की घटना को दृष्टिगत रखते हुये खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल तथा कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार जिले में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर द्वारा की जा रही है।

इसी क्रम ईसागढ में खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर द्वारा राजस्व प्रशासन की टीम के साथ बाजार में संचालित दुग्ध डेयरियों की सघन जांच की गयी। जांच के दौरान चुंगी नाका ईसागढ स्थित महादेव बेकरी एंड दूध डेयरी से मिक्सड मिल्क, पनीर, न्यू ग्वाल दूध डेयरी से मिक्सड मिल्क तथा बृजवासी दूध डेयरी से भैंस का दूध, दही तथा पनीर के नमूने लिये गये। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट उपरांत संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा बताया गया है कि जिले में यह कार्यवाही लगातार जारी है। नमूनों की जांच रिपोर्ट अवमानक पाये जाने पर इस वर्ष अप्रेल से जुलाई तक 12 प्रकरणों में विभिन्न खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण पेश किया जा चुका है।

चंदेरी में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुरुवार को हैंडलूम पार्क चंदेरी के सभाकक्ष में प्रबंधक लीड बैंक राजीव एवं मनीष धनगर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी चंदेरी की सह अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में चंदेरी ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग, नगर पालिका परिषद, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्यानिकी विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, अनुसूचित जाति विभाग की प्रगति पर असंतुष्ट व्यक्त किया गया और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। साथ ही एसबीआई की शाखा से ऋण प्रकरण में देरी हेतु स्पष्टीकरण मांगा गया। अगले 7 दिवस में सभी शासकीय योजनाओं में लक्ष्य के विरुद्ध अधिक से अधिक प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए ।

खबर संक्षेप



एसडीएम ने रात्रि में किया छात्रावास का निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर के निर्देश पर चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर द्वारा बुधवार की रात्रि में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास चंदेरी का आकस्मिक निरीक्षण व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से संवाद कर भोजन,पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

48 घंटे में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका दस्तयाब

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना बहादुरपुर ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए मात्र 48 घंटे के भीतर 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 20 जुलाई 2026 को फरियादी द्वारा थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से चली गई है तथा उसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका है। शिकायत पर थाना बहादुरपुर में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि0 नीलम सिंह यादव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र एवं लगातार की गई खोजबीन के आधार पर विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम के सतत एवं सुनियोजित प्रयासों के परिणाम स्वरूप मात्र 48 घण्टे में नाबालिग बालिका को रेलवे स्टेशन मुंगावली से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी रणवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरत और बलवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांकोन निवासी यशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीराम यादव ने उससे मारपीट की। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आंवरी निवासी संतोष पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आरिफ, नासिफ खान, आरिफ की मां ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्याउ चक्क निवासी सुनील कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर हरिओम और राजाबाबू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी चिरोंजी बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फूलबाई, सोनम और छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा निवासी सुशीला बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथाना निवासी छोटी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति हजेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीलाखेडा निवासी गुडडी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति हरभान अहिरवार ने उससे मारपीट की।

80-90 गांवों को सीधा फायदा, कैबिनेट बैठक में मिली स्वीकृति

आखिर 52 वर्षों के बाद प्रोन्नत हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर

11.70 करोड़ की लागत से होगा भवन निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीते दिनों भोपाल के जगदीशनगर में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश भर के जिन 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रोन्नत किया गया है, उनमें बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी नाम है। बीते बुधवार को क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने इस सम्बन्ध में जानकारी सार्वजनिक करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया है। बताया गया है कि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करते हुए 30 बिस्तरीय अस्पताल का दर्जा दिया गया है। भवन निर्माण के लिए 11.27 करोड़, आवश्यक सामग्री के लिए 34.49 लाख और फर्नीचर आदि के लिए 7.59 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

विदिशा जिले के दो दर्जन गांवों सहित करीब 90 गांव निर्भर

सन 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने इस अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा की थी, इस अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सन 1974 में बनाया गया था। इससे पहले यहां रियासतकालीन डिस्पेंसरी थी। बीते सन 2021 में यहां से खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को मुंगावली स्थानांतरित कर दिया गया था।

इस अस्पताल पर बहादुरपुर क्षेत्र के 65-70 गांवों के अतिरिक्त विदिशा जिले के सीमावर्ती दो दर्जन गांव स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निर्भर हैं। यहां पर प्रसूति, पोस्टमार्टम और नसबंदी की सुविधा कई दशक पुरानी है, किंतु बीते साल नसबंदी और तीन माह पहले यहां पर पोस्टमार्टम भी बंद कर दिए गए थे। ऐसे में अस्पताल का उन्नयन क्षेत्र में खुशी की लहर फैला रहा है।

बहादुरपुर और पिपरई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा मिले

जब से देश आजाद हुआ है तब से बहादुरपुर और पिपरई में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहे हैं। पिपरई में तो अस्पताल का नया भवन बनकर तैयार हो गया है, जबकि बहादुरपुर को नए अस्पताल भवन की वर्षों से जरूरत थी तब जाकर अब स्वीकृत हुआ है। इन दोनों ही मुख्यालयों के आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल है, यहां के दोनों केन्द्रों को वर्षों से इस बात का इंतजार है कि इन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिया जाए। यह क्षेत्र केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है, मुंगावली के विधायक मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं यह दोनो क्षेत्र मुंगावली विधानसभा के अंतर्गत आते हैं। यदि इसके बाबजूद भी इन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं मिला तो फिर कभी नहीं मिल पाएगा। यह आज के समय की जरूरत है, मध्यप्रदेश में और केन्द्र में एक ही पार्टी की सरकार है, सांसद और विधायक भी एक ही पार्टी के हैं। इसके बाद भी इन दोनों मुख्यालयों के अस्पतालों का उद्धार नहीं हो पा रहा है।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर साकेत मालवीय ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। शिक्षक संगठनों ने कई सुझाव दिए और मांगों को पूरा करने की मांग की।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर शिक्षा विभाग को घेरा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में समय से कोई कार्य नहीं होता। क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 1 से 4 साल का समय निकल गया लेकिन शिक्षक आर्थिक लाभ से वंचित है। पदोन्नति के लिए गोपनीय प्रतिवेदन देना आहरण अधिकारी या संकुल प्राचार्य का दायित्व है लेकिन शिक्षक सुबह से शाम तक फाइल लिए घूम रहे है,यह नियम विरुद्ध है। 21 तारीख होने के बाद भी अशोकनगर ब्लॉक के 760 शिक्षक वेतन से वंचित है। वेतन कर्मचारी का अधिकार है जो समय से मिलना चाहिए। समय से वेतन नहीं मिलने के कारण बैंक की किश्त,बच्चों की फीस,घर का खर्च चलाने के लिए शिक्षक परेशान है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी एन सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर बी सिंडोसकर,डीईओ मधु शर्मा, डीपीसी राहुल शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, दिलीप रघुवंशी, गोपाल शिवहरे, भोलाराम शर्मा सहित कर्मचारी संगठनों और विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

खास बातें

- वर्ष 2001 में नियुक्त शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश 1 साल बाद भी जारी नहीं हुए है।
- इसी प्रकार 2013 एवं 2014 के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए।
- 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति का लाभ आज दिनांक तक अप्राप्त है
- पोर्टल पर गलत जानकारी में सुधार कराने के लिए शिक्षक परेशान हो रहे है। इसे गंभीरता से लिया जाए।
- अटेंडेंस विभाग द्वारा चलाई गई नवाचारी प्रयोग है लेकिन जमीनी स्तर पर नेटवर्क की समस्या,ऐप पर तकनीकी खामियां ,लोकेशन मैच नहीं होना आदि कई समस्याएं है,जिनका समाधान होना चाहिए।
- ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित होना चाहिए।
- विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्व घुस आते है,शिक्षकों पर दबाव बनाते है और दुव्यवहार करते है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे असामाजिक लोगों पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए।

जतंर मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर डीएसओ ने विरोध जताया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

छात्र संगठन डीएसओ के द्वारा स्थानीय पछाड़ीखेड़ा चैराहा पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रो पर बर्बरतापूर्वक किए गए लाठीचार्ज का विरोध किया गया साथ ही एनटीए को भंग करने व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की गई ।

विरोध प्रदर्शन में डीएसओ की जिला उपाध्यक्ष पूजा ओझा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि केन्द्र सरकार छात्रों के द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन का दमन कर रही है। दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले 1 महीने से छात्र नौजवान मिलकर अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार के द्वारा बड़े ही निर्मम ढंग से प्रर्दशनकारियो पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं छात्रों पर बर्बरतापूर्वक तरीके से उनके आंदोलन को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है छात्रों से इस तरह से बर्ताव किया जा रहा है जैसे कोई अपराधी हों। शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे आंदोलन पर पुलिस द्वारा दमन करना घोर अलोकतांत्रिक और तानाशाहीपूर्ण रवैया है, हम छात्र संगठन की ओर से इसकी कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि एनटीए को भंग किया जाए, सोनम वांगचुक सहित अनशन कर रहे अन्य छात्रों से सरकार बातचीत करे, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें।

आगे प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डीएसओ के राज्य परिषद उपाध्यक्ष देवेंद्र विजौरे ने छात्रों संबोधित करते हुए कहा कि देश में पिछले 12 सालों में 150 से भी ज्यादा भर्ती परीक्षाओं में धांधली हुई है इनसे करोड़ों की संख्या में छात्र प्रभावित हुए हैं। अभी हाल ही में हुए पेपर लीक के कारण 20 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। किसी भी लोकतांत्रिक देश में जनता के पास यह अधिकार होता है कि वह अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर सकते है लेकिन देश में लोकतंत्र को ही खत्म किया जा रहा है।

खास बातें

- एनटीए को रद्द किया जाए,
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सुनिश्चित किया जाए,
- सोनम वांगचुक सहित अन्य अनशन कर रहे लोगों से सरकार शीघ्र बातचीत कर हल निकाले,
- प्रदर्शन कारियों पर पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए,
- पेपर लीक पर रोक लगाई जाए,
- सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाए।



पौध रोपण के अंतर्गत विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया

अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद,विकासखंड अशोकनगर के सेक्टर 04 राजपुर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महू आलमपुर द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सिद्धाश्रम तिगरी पहाड़ी पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें आँवला, अमरूद, नीबू, बेल के पौधों का रोपण किया गया। जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने व पर्यावरण संरक्षण के बारे बताया और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के एडमिशन के सम्बन्ध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव, महंत रामनिवास दास, नवांकुर संस्था से रामबली यादव, प्रस्फुटन समिति महू आलमपुर अध्यक्ष बृजमोहन यादव, सचिव नंदराम कुशवाह, वीरनसिंह, मलखानसिंह, कल्याणसिंह, अमानसिंह कुशवाह, विनोद प्रजापति, लक्ष्मणदास आदि उपस्थित रहे।

बड़ी दुर्घटना होने से बची, केवल जलकर जमीन पर आ गिरी


राजपुर में बिजली केवल में आग लगती रही, कोई भी अधिकारी नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विधानसभा के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत राजपुर मुख्यालय पर बीती रात मैन रास्ते पर बिजली की केवल में आग लगती रही, फटाके फूटते रहे, आने जाने वाले लोग भयभीत रहे। जिस जगह यह आग लगी थी उस जगह के निवासियों को भी अपने दुकानों और मकानों को लेकर खतरा बना रहा। एक तार टूटकर जमीन पर आ गिरा था जिससे करंट फैलने की संभावनाए लग रहीं थी। बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना भी दी गई लेकिन समय पर कोई नहीं आया।

राजपुर के विद्युत विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण गांव वासियों कों परेशान होना पड़ रहा है। गांव में आए दिन विद्युत केवल आग के अंगारे गोला बनकर केवल टूट जाती हैं केवल बदलने की जगह वही केवल में जुगाड़ू काम कर जोड़ दी जाती है। इस तरह का यह हाल अकेले राजपुर में नहीं हैं आए दिन ऐसी स्थिति आसपास के इलाकों में भी बनी रहती है, यहां के विधुत उपभोक्ता हर माह 5 से 6 लाख से अधिक की राशि जमा कर रहे हैं। इसके बावजूद विद्युत वितरण कंपनी के आला अधिकारी कोई ध्यान नहीं दें रहें हैं आए दिन विद्युत कटोती होती रहतीं हैं मैंटनेंश के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती है। राजपुर में कब लाईट चली जाए कोई पता नहीं हैं। ऊपर से केवलों में आग लगने की घटना के बाद बिजली लंबे समय के लिए गोल हो जाती है। बिजली विभाग के अधिकारियों को इस बात से कोई चिंता नहीं है कि बिजली के बिना लोग कैसे दिन रात निकालते होगें। कच्चे घरों में सर्प और कीड़ो के कांटने की संभावना बनी रहती है। गांव वासियों ने बताया कि उन्होंने विद्युत विभाग के लाईन मेन कर्मचारी कों फ़ोन लगाया तों उन्होंने फ़ोन तक नही उठाया। यही स्थिति सुपरवाइजर की थी। कस्बे में विल जमा करनें वालें कर्मचारी कों फ़ोन लगाया तों उनसे कहां की हमनें फोन पर आपकी विडीयो भेज दी है जानकारी दें दी है। रात्रि 10 बजे एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सुरेन्द्र भी पहुंचा लेकिन उसने भी असमर्थता जताई और कहा कि केवल बदलना पडेगी, केवल की सुविधा उन पर नही हैं, रात्रि 12 बजे ग्रामीणों की मदद से केवल के टुकड़ों को जोड़कर लाईन चालू की गई। इतना बड़ा ग्रामीण मुख्यालय होने के बाद भी यहां कोई भी अधिकारी उपलब्ध नहीं रहता है, हर काम के लिए अशोकनगर जाना पड़ता है। बिजली की समस्या होने के बाबजूद भी एक भी दिन जनप्रतिनिधि कभी जनता की सुध लेने नहीं आते, बोट लेने के बाद चले जाते हैं।





विद्युत लाइन काटने वाले दबंग पर एफआईआर की गई दर्ज

मुंगावली। बहादुरपुर ग्राम कुकावली और जारोली के बीच पंप लाइन काटकर आधा दर्जन किसानों की बिजली ठप करने वाले दबंग के खिलाफ बहादुरपुर पुलिस ने देर रात कायमी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आरोपी ख़लक सिंह पुत्र मरजाद सिंह यादव ने मनमानी करते हुए पंप लाइन काट दी जिससे धान की फसल सिंचाई के बिना संकट में पड़ गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने जब लाइनमैन को भेजा तो आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर भगा दिया। मामला बढ़ने पर म.प्र.विधुत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक ने सोमवार सुबह बहादुरपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को दिनभर थाने में किसान और आरोपी पक्ष डटे रहे। दोनों ओर से नेताओं और रसूखदारों के फोन घनघनाते रहे। आखिरकार विभागीय पत्र के दबाव में पुलिस ने रात लगभग 11.30 बजे ख़लक सिंह यादव के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत मामला दर्ज कर लिया। कार्रवाई के बाद मंगलवार सुबह प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और काटी गई लाइन को तुरंत जुड़वाया। वही 4 दिन तक बिजली बंद रहने से किसानों की धान की फसल को जो भारी नुकसान हुआ है।



योजना का नहीं मिल रहा है लाभ

आदिवासी बाहुल्य ग्राम टकनेरी जाने वाली सड़क की खराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से मात्र 1 किलोमीटर दूर आदिवासी बाहुल्य ग्राम टकनेरी के ग्रामीणों को सड़क सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा काल के दिनों में टकनेरी जाने वाले रास्ते पर कीचड ही कीचड है, आने जाने वाले वाहनों से लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं। भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना, के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में सड़कें बनाई जाना है, जिसका लाभ इस ग्राम का नहीं मिला है।

टकनेरी ग्राम अशोकनर जिले के बड़े आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में से एक है, यह ग्राम प्राचीनता से जुड़ा है और एक समय अशोकनगर स्टेशन का नाम टकनेरी हुआ करता था, जबकि अशोकनगर शहर का नाम उस समय पछार था लेकिन स्टेशन टकनेरी था। यहां आदिवासियों की बाहुल्यता है, वैसे तो टकनेरी गांव के आसपास के जितने इलाके हैं वह सब शहर में आ गए हैं, लेकिन नगरीय क्षेत्र में अभी टकनेरी ग्राम को शामिल नहीं किया गया है, यह आज भी गांव है। यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पक्की सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए था लेकिन यहां आज तक सड़क नहीं बनी है, आदिवासियों को ही उनके हित के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां वर्तमान में कच्ची सड़क है जिस पर लाल मुरम है जो बारिस में बैठ गई है जिससे पूरे मार्ग पर गडडे हो गए हैं। यहा स्कूली बच्चों को आने जाने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की समस्या तो है ही, साथ में यहां रात के समय यदि गांव जाना हो तो स्ट्रीट लाईट की सुविधा भी नहीं है जिससे खराब सड़क और लाईट न होने से सड़क दुर्घटना होने की आंशका बनी रहती है। इस समस्या को लेकर टकनेरी गांव के लोगों ने कलेक्टर के यहां एक आवेदन भी दिया और सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

हजारों नागरिकों को किया गया जागरूक

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिलेभर में जन जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में नशे से दूरी अभियान के दौरान अनेक थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम के आयोजन किए गए और शपथ ली गई कि वह कभी नशे का सेवन नहीं करेगें। थाना यातायात ने शासकीय उ.मा.वि. पछाड़ीखेड़ा अशोकनगर एवं मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर एंड टेक्नोलॉजी में, थाना देहात ने तुलसी सरोवर पार्क में, थाना कचनार ने ग्राम गढ़ला में, थाना चन्देरी ने ग्राम प्राणपुर में, थाना शाढौरा, थाना ईसागढ, थाना नईसराय, थाना कदवाया ने विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, मंदिर परिसर तथा ग्रामों में आमजन, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं व्यापारियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इस दौरान चित्रकला, निबंध, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आमजन को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। इन जागरूकता कार्यक्रमों में जिलेभर में हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने सहभागिता की।

स्थानीय माधव भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एकल अभियान के अंतर्गत तीन संचों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ माधव भवन अशोकनगर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश चैधरी रहे। मुख्य वक्ता रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रतिनिधि एवं सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकल अभियान भाग समिति अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने की। इस अवसर पर महिला संच समिति अध्यक्ष गंगा रघुवंशी तथा गतिविधि प्रमुख रामकृष्ण रघुवंशी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि एकल अभियान के आचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। ये आचार्य अपने-अपने गांवों में प्रतिदिन तीन घंटे का निःशुल्क विद्यालय संचालित कर पंचमुखी शिक्षा प्रदान करते हैं। साथ ही गांवों में शक्ति केंद्र स्थापित कर समाज में मानवता, संस्कार, राष्ट्रभक्ति एवं धार्मिक चेतना का प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एकल अभियान देश के एक लाख से अधिक गांवों में सक्रिय होकर स्वाभिमान और राष्ट्रभावना का जागरण कर रहा है। उन्होंने सभी आचार्यों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चैधरी ने कहा कि एकल अभियान के आचार्य अत्यंत पुनीत एवं पवित्र समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं तथा समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भाग समिति अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने आचार्यों से अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव में नई पीढ़ी को संस्कारित करने का आह्वान किया। महिला संच समिति अध्यक्ष गंगा रघुवंशी ने कहा कि हमारी पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजों ने कमजोर किया, जिसके कारण आज का युवा भ्रमित हो रहा है। ऐसे समय में एकल अभियान भारतीय संस्कृति एवं समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।गतिविधि प्रमुख रामकृष्ण रघुवंशी ने सभी आचार्यों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रमुख हरीश मीणा ने किया तथा समस्त व्यवस्थाएं अशोकनगर संच प्रमुख गजराम लोधी ने संभाली। प्रशिक्षण वर्ग में अशोकनगर, उमरी एवं आरोन संच के आचार्य एवं संच प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बारिश में उजड़ गया पशुओं का आशियाना, न्याय की लगाई गुहार

आदिवासी मजदूर का आरोप- जेसीबी से ढहा दी टापरी, अब खुले आसमान के नीचे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



लगातार हो रही बारिश के बीच सारंगपुर अनुभाग के ग्राम अलूनी से एक मार्मिक मामला सामने आया है। गांव के आदिवासी मजदूर मोड़सिंह पिता गोपीलाल ने आरोप लगाया है कि जिस टापरी के सहारे उसके पशु वर्षों से सुरक्षित रहते थे, उसे जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया।

अब हालात यह हैं कि बारिश के मौसम में उसके मवेशी खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर हैं और परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। मोड़सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर एवं प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल को शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने आवेदन में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और पशुपालन ही उसकी अतिरिक्त आय का मुख्य साधन है। पशुओं को बांधने के लिए गांव में वर्षों पुरानी घास-फूस की टापरी बनाई गई थी, जहां चारा भी सुरक्षित रखा जाता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हाल ही में भारी बारिश के दौरान जेसीबी मशीन से उसकी टापरी गिरा दी गई। टापरी टूटने से उसमें रखा चारा भी बारिश में भीगकर खराब हो गया। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अब पशुओं को बारिश और ठंड से बचाने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है। मोड़सिंह का कहना है कि एक गरीब मजदूर के लिए यह नुकसान किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है।

आवेदन में उसने यह भी आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग उसे सार्वजनिक ट्यूबवेल से पानी भरने से रोकते हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने के कारण भेदभावपूर्ण व्यवहार किए जाने की शिकायत भी उसने की है। मोड़सिंह का कहना है कि गांव में अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण हैं, लेकिन कार्रवाई केवल उसकी टापरी पर ही की गई। मोड़सिंह ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, नुकसान का मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बारिश के इस मौसम में एक गरीब परिवार और उसके बेजुबान पशुओं की परेशानी ने गांव में चर्चा का विषय बना दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या इस आदिवासी मजदूर को न्याय और उसके पशुओं को फिर से एक छत मिल पायेगी क्या।

इनका कहना है...

वर्ष 2025 में अतिक्रमण हटाने का आदेश हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। पूर्व में इन्हें सूचना भी दी थी।
नीलम पारसेदिया, पचोर तहसीलदार

कॉलेज में सीटें कम पड़ने से बढ़ी छात्रों की चिंता, सीट वृद्धि के लिए सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्नातक कक्षाओं की सीमित प्रवेश सीटों को लेकर छात्रों की चिंता बढ़ गई है। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्राचार्य के माध्यम से आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बी.ए.एवं बी.एससी. की सीटों में तत्काल वृद्धि की मांग की है।

एबीवीपी ने ज्ञापन में बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में महाविद्यालय में निर्धारित प्रवेश क्षमता विद्यार्थियों की संख्या की तुलना में काफी कम है। हर वर्ष सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सीटें सीमित होने के कारण अनेक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता। परिषद का कहना है कि प्रवेश से वंचित होने वाले विद्यार्थियों में बड़ी संख्या आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों की होती है। ऐसे विद्यार्थियों के सामने निजी महाविद्यालयों में अधिक शुल्क देकर पढ़ाई जारी रखने या फिर उच्च शिक्षा छोड़ने जैसी स्थिति बन जाती है। इससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर प्रभावित हो रहे हैं।ज्ञापन में छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए शासन से मांग की गई है कि बी.ए. एवं बी.एससी. कक्षाओं की सीटों में शीघ्र वृद्धि की जाए, ताकि योग्य और इच्छुक विद्यार्थियों को सरकारी महाविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सके। परिषद ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में प्रवेश क्षमता बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि यदि सीटों में वृद्धि होती है तो न केवल विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान एबीवीपी के सारंगपुर भाग संयोजक तुषार चौहान, कॉलेज अध्यक्ष गोविंद कुंभकार, कॉलेज उपाध्यक्ष मोहित प्रजापति सहित संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने कहा कि छात्रहित से जुड़े इस मुद्दे पर आवश्यक होने पर आगे भी प्रयास जारी रखे जाएंगे।

भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, महाप्रसादी ग्रहण की



नरसिंहगढ़। रथ यात्रा के दिन से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा बड़े बाजार स्थित श्री रामकृष्ण मंदिर में विराजमान हैं। इस दौरान गुरुवार रात्रि को मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को विविध प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। भोग आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जगन्नाथ के जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन में मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। धार्मिक आयोजन देर रात संपन्न हुआ।

जंतर-मंतर पर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन किया



सारंगपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में बुधवार को सारंगपुर में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बस स्टैंड पर युवा कांग्रेस ब्लॉक शहर के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखना प्रत्येक छात्र का अधिकार है। छात्रों की आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ हुई कथित लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। वक्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी छात्रों के हर न्यायपूर्ण संघर्ष में उनके साथ मजबूती से खड़ी है तथा आगे भी उनकी आवाज बुलंद करती रहेगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों के अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान की मांग की। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष आविद लोदी, प्रदीप सदानी, पार्षद शमीर मेव, अभय सिसोदिया, अखलेश राठी, लखन राजपूत, शोएब हसन राही, पवन राज सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

खेत में खरपतवार छिड़काव के दौरान 20 वर्षीय युवक को लगा करंट, मौत



लखनवास। पांजरी गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में खरपतवार नाशक का छिड़काव करते समय 20 वर्षीय दयाराम लोधा करंट की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दयाराम खेत में काम कर रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत पंचनामा तैयार कर उसे उपचार के लिए नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

विद्यार्थियों ने सीखे बचाव के तरीके

विदिशा। एसडीईआरएफ टीम ने बुधवार को एमजीएम स्कूल में आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिया। जिला सेनानी मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन और कंपनी कमांडर देवीसिंह परते के नेतृत्व में करीब 2500 छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने भाग लिया। टीम ने बाढ़, आग, सर्पदंश और अन्य आपात स्थितियों में बचाव, सीपीआर, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग तथा स्थानीय संसाधनों से रेस्क्यू उपकरण बनाने का प्रदर्शन किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक विनीता लोढ़ा ने शमशाबाद एवं बिछिया क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता, अभिलेख संधारण तथा मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं से बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती एवं धात्री माताओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी लेकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समय पर लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ वातावरण, नियमित वजन-ऊंचाई मापन, पोषण ट्रैकर अपडेट रखने, गुणवत्तापूर्ण प्री-स्कूल शिक्षा तथा कुपोषण रोकथाम में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

जनगणना की समीक्षा

विदिशा। मप्र के जनगणना निदेशक एवं आईएएस अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अंशुल गुप्ता से भेंट की। बैठक में जिले में जनगणना की तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

नगर परिषद व पुलिस की अनदेखी

नगर के मध्य स्टेट हाईवे से निकलते भारी वाहन, सूचना बोर्ड बना शोपीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर परिषद व पुलिस की अनदेखी के चलते नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर छोटे बड़े वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। यह स्टेट हाईवे अघोषित रूप से बस स्टैंड भी बन गया है जहां देर तक बसे खड़ी रहकर सवारियों को उतरती चढ़ती है। यहां से गुजरते भारी वाहनों से दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है। साथ ही आए दिन लगाने वाले जाम से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेट हाईवे पर आए दिन लगाने वाले जाम कई बार एंबुलेंस व पुलिस की गाड़ियां भी फसती हुई देखी जा सकती है। जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी ना निभाने के चलते पहले भी इसी स्टेट हाईवे अघोषित बस स्टैंड पर एक ग्रामीण महिला की मौत हो गई थी। एक बुजुर्ग को अपना पैर गवाना चुका है। कहने को तो नगर परिषद ने बायपास पर एक बोर्ड पर भारी वाहन प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा कर अपनी औपचारिकता बहुत पहले ही पूरी कर ली है। पर पुलिस स्टेशन से चन्द कदम की दूरी पर आए दिन लगने वाले जाम शायद जिम्मेदारों को नजर नही आते। माचलपुर थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने सवाल सुनने के बाद कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।



बारिश में किसानों के सामने समस्या

कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था का आलम किसानों के 5 टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



जिले कि अनाज मंडियों में नगर की अनाज मंडी अपना विशेष स्थान रखती है] लेकिन इस कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जबकि दूर-दूराज से किसान अपना अनाज लेकर मंडी में नीलामी के लिए आते हैं। मंडी प्रशासन की अनियमितता से मंडी के अधिकांश टीनशेड पर व्यापारियों ने कब्जा कर अपना अनाज टीन शेड में जमा रखा है।

जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में कुल 6 टीनशेड बने हुए हैं। इनमें से 5 टीनशेड पर व्यापारियों ने अपना माल रखकर कब्जा कर रखा है, जबकि किसानों के अनाज के लिए मात्र एक ही टीनशेड छोड़ रखा है।

उसी एक टीनशेड में व्यापारी किसानों के अनाज की बोली लगाते हैं। अनाज की आवक अधिक होने पर स्थिति और भी बिगड़ जाती है। किसानों को अपना अनाज खुले आसमान तले रखना पड़ता है। वहीं पर नीलामी होती है। ऐसे में बारिश के मौसम में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका अनाज भीग जाता है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन इस ओर न तो मंडी प्रशासन का ध्यान है और न ही व्यापारियों को अपना अनाज अन्य गोदाम में रखने के लिए मंडी प्रशासन व्यापारी को अनाज हटाने के लिए किसी तरह कि पहल करते है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा क्यों है और मंडी प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है। इस संबंध में जब मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कल भोपाल में मीटिंग में रहूंगा, परसों के दिन निश्चित ही व्यापारियों का माल टीनशेड से हटा दिया जाएगा।